# राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण

राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर,जयपुर पीठ, जयपुर

**(Phone: 0141-2227481, FAX: 2227602, Toll Free Help Line 15100/9928900900)**

**Email: rslsajp@gmail.com , rj-slsa@nic.in** **website: www.rlsa.gov.in**


क्रमांकः– एफ–07 ( )/रालसा/संस्था/निजी पत्रावली/2025/364 दिनांकः 16/06/2025

## कार्यालय आदेश

विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 की धारा 22–बी के अधीन जिला न्यायक्षेत्र मुख्यालय, मेडता पर संस्थापित स्थायी लोक अदालत के पूर्णकालिक अध्यक्ष पद पर नियुक्त श्री राजेश चन्द्र गुप्ता (सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश) का इस कार्यालय के आदेश संख्या एफ–07 (76)/रालसा/संस्था/पीएलए चैयरमैन स्थाना./2024/301 दिनांक 14.05.2025 द्वारा स्थानान्तरण अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत, दौसा के पद पर होने के फलस्वरूप माननीय कार्यकारी अध्यक्ष महोदय, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार नवीन पूर्णकालिक अध्यक्ष की नियुक्ति होने तक जिला एवं सेशन न्यायाधीश, मेडता को स्थायी लोक अदालत, मेडता के अध्यक्ष के पद का अतिरिक्त कार्य (As a Part time Chairperson) करने हेतु अधिकृत किया जाता हैं।

जिला एवं सेशन न्यायाधीश, मेडता को स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष का कार्य करने पर नियमानुसार मानदेय देय होगा।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के पत्र दिनांक 23.05.2025 के संलग्न विधि और न्याय मंत्रालय न्याय विभाग की अधिसूचना दिनांक 15.05.2025 में स्थाई लोक अदालत (अध्यक्ष और अन्य व्यक्तियों की नियुक्ति के अन्य निबंधन और शर्ते) संशोधन नियम 2025 जिसका भारत के राजपत्र दिनांक 15.05.2025 में प्रकाशन हुआ है के नियम "3" के अनुसार स्थाई लोक अदालत की बैठक, जब कभी आवश्यक हो, अध्यक्ष द्वारा बुलाई जायेगी और 1 सौ तक लंबित मामलों वाली स्थाई लोक अदालत सप्ताह में कम से कम एक बार बैठक करेगी और प्रति बैठक कम से कम पांच मामले सूचीबद्ध करेगी तथा एक सौ से अधिक लंबित मामलो वाली स्थाई लोक अदालत सप्ताह में कम से कम दो बार बैठक करेगी और प्रति बैठक कम से कम पांच मामले सूचीबद्ध करेगी।

आज्ञा से,

Sd/-

सदस्य सचिव,
राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,
जयपुर

क्रमांकः– एफ–07 ( )/रालसा/संस्था/निजी पत्रावली/2025/4135-48 दिनांकः 16/06/2025

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, माननीय कार्यकारी अध्यक्ष, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर।
2. रजिस्ट्रार जनरल, राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर।
3. सदस्य सचिव, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली।
4. प्रमुख शासन सचिव, विधि एवं विधिक कार्य विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
5. निजी सचिव, सदस्य सचिव, रालसा, जयपुर।
6. जिला एवं सेशन न्यायाधीश, मेडता।
7. अध्यक्ष/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मेडता।
8. अध्यक्ष/सदस्य, स्थायी लोक अदालत, मेडता।
9. निदेशक/विशेष सचिव/संयुक्त सचिव/उप सचिव–प्रथम/द्वितीय, रालसा, जयपुर।
10. सचिव, रा.उ.न्या.वि.से.स. जयपुर/जोधपुर।
11. संबंधित कोषाधिकारी, कोष कार्यालय।
12. नोडल ऑफिसर, विभागीय वेबसाईट, रालसा, जयपुर।
13. वरिष्ठ उप सचिव/लेखाधिकारी/प्रोग्रामर कार्यालय हाजा, जयपुर।
14. आदेश/संबंधित/रक्षित पत्रावली।

निदेशक,
राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,
जयपुर

E:\Establishment Section\Permanent Lok Adalat\PLA Order.docx